बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय – होशंगाबाद मार्ग, भोपाल – 462 026

क्रमांक : 3201 / परीक्षा / 24 भोपाल, दिनांक 16/10/24

अधिसूचना

विषयः–**सत्र 2024–25 के स्वाध्यायी छात्र / वि.वि. शैक्षणिक विभाग (यू.टी.डी) के नियमित प्रवेशित छात्रों का ऑनलाईन नामांकन / पंजीयन।**

सत्र 2024–25 में ONLINE के माध्यम से सम्मिलित होने वाले **स्वाध्यायी छात्र / नियमित यू.टी.डी. के स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम / वार्षिक / सेमेस्टर** में नामांकित होना चाहते हैं, उन छात्रों का नामांकन / पंजीयन करने हेतु निम्नांकित निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। स्नातक / स्नातकोत्तर के छात्रों के नामांकन / पंजीयन की निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

01. **स्वाध्यायी छात्र / यू.टी.डी. प्रवेशित नियमित छात्र** के रूप में सम्मिलित होने वाले छात्रों का महाविद्यालय / विभाग द्वारा पंजीयन / नामांकन आवेदन पत्र ऑन लाईन करके ऑनलाईन प्रिंट आउट प्रति संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य / विभागाध्यक्ष से अग्रेषित होने के उपरान्त विश्वविद्यालय में जमा करने की **अन्तिम तिथि 16/11/2024** है। अन्तिम तिथि के उपरांत 165/– रू. अतिरिक्त विलंब शुल्क दिनांक 30/11/2024 तक देय होगा एवं आवेदन पत्र स्वीकार किये जा सकेगें।
02. महाविद्यालय / विभाग के विद्यार्थियों से नामांकन आवेदन पत्रों की पात्रता अंकसूची के आधार पर ऑन लाईन पूर्तियां करवाकर, निर्धारित शुल्क, आव्रजन शुल्क (यदि देय हो), आर्हताकारी परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति मूल प्रवजन प्रमाणपत्र आदि नियमानुसार अनिवार्य रूप से नामांकन आवेदन पत्र के साथ संलग्न कराना सुनिश्चित करें। जिसकी जबावदेही प्राचार्य / विभागाध्यक्ष की होगी।
03. जिन विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं इस विश्वविद्यालय के अतिरिक्त राज्य स्थित अन्य बोर्ड या विश्वविद्यालय से आर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें नामांकन आवेदन पत्र के साथ **मूल प्रवजन प्रमाण पत्र**(Migration Certificate) संलग्न करना अनिवार्य है।
04. जिन विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के बाहर बोर्ड या विश्वविद्यालय से आर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हे नामांकन / पंजीयन आवेदन पत्र के साथ **मूल प्रवजन प्रमाण पत्र**(Migration Certificate) अनिवार्यतः संलग्न करने के साथ ही आव्रजन शुल्क रू.165/– अतिरिक्त देय होगा।
05. **विद्यार्थी यह विशेष ध्यान रखें कि जो परीक्षा केन्द्र निर्धारित है उसी महाविद्यालय से ही ऑन लाईन नामांकन आवेदन पत्र भरे जायें,जिस महाविद्यालय से परीक्षा देनी है।**
06. नामांकन आवेदन पत्रों के प्रिंट आउट में निर्धारित स्थान पर प्राचार्य / विभागाध्यक्ष के द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। पंजीयन / नामांकन आवेदन पत्र जमा करते समय प्रिंट आउट के साथ अंकसूची,माईग्रेशन,इत्यादी संलग्न कर वि.वि. में जमा करना सुनिश्चित करें।
07. पंजीयन / नामांकन ऑन लाईन आवेदन के पश्चात ऑन लाईन भुगतान करना अनिवार्य है **पूर्व में नामांकन प्राप्त विद्यार्थी नामांकन क्रमांक सही पोटर्ल में अवश्य डालें जिसका निर्धारित पोटर्ल शुल्क** देय होगा। पंजीयन / नामांकन फार्म भरने के लिए वि.वि. द्वारा कराए गए प्रवेश में दिए गए एप्लीकेशन आई.डी. एवं शुल्क एम.पी.ऑनलाईन लिमिटेड के पोर्टल www.mponline.gov.inके माध्यम से भरे जाएंगें।
08. सम्बद्ध महाविद्यालयों / विभागाध्यक्ष द्वारा छात्रों के फार्म ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। जिन छात्रों के ऑनलाईन फार्म नहीं भरे जावेगें उनका पंजीयन / नामांकन नहीं होगा। ऑनलाईन फार्म भरने के पश्चात महाविद्यालय / विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के नामांकन विभाग में ऑनलाईन भरे गये,फार्म एवं समस्त आवश्यक दस्तावेज फार्म के साथ लगाना सुनिश्चित करें।

निरंतर–2

LATE FEES DATAILS (30.11.2024 तक)

Students Category	Enrollment Fees
Students of M.P.	RS.130/-+165/- =295/-
Students Of out side of M.P. & CBSE	RS.295/-+165/- =460/-
Students Of out side of India	RS.275/-+380/- +380/=1035/-

कृपया निर्धारित तिथियों तक विद्यार्थियों के नामांकन ऑनलाईन फार्म भरना सुनिश्चित करें एवं आवेदन पत्र उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए आवश्यक दस्तावेज सूची सहित विश्वविद्यालय में अनिवार्यतः जमा कराने का कष्ट करें।

नोट :–

01. महाविद्यालय को mponline में **KIOSKके रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण का कोई शुल्क नहीं है। इसके उपरांत USER ID (यूसर आईडी) बनाना अनिवार्य है तदोपरांत सुविधा शुरू होगी।**

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
भोपाल , दिनांक 26/11/24

पृ. क्रमांक 302 परीक्षा / 2024
प्रतिलिपिः–––

1– प्रमुख सचिव,उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ।
2– आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ।
3– प्राचार्य,समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4– अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5– कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ ।
6– उपकुलसचिव गोपनीय शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7– जनसम्पर्क अधिकारी / कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8– प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
9– प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।
10– प्रभारी पूछताछ कक्ष की ओर सूचनार्थ।
11– संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल